आनंदालय

सामयिक परीक्षा – 2

कक्षा : छठी

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50
दिनांक : 17-09-2025 | निर्धारित समय: 2 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभक्त है : 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

एक बार एक कंजूस था जिसने अपनी सारी संपत्ति बेच दी और पैसों से सोने का एक बड़ा टुकड़ा खरीदा, बगीचे के किनारे एक गहरा गड्ढा खोदा और वहाँ उसने अपना सोना गाड़ दिया । इसके बाद, एक दिन, कंजूस बगीचे में गया, अपना सोना खोदा और उसे प्यार से गले लगाया । कंजूस के एक मजदूर को आश्चर्य हुआ कि उसका मालिक बगीचे में इतना समय क्यों बिताता है । एक दिन, वह एक पेड़ के पीछे छिप गया और जल्द ही छिपे हुए खजाने का रहस्य खोज लिया । उस रात, जब कंजूस गहरी नींद में सो रहा था, मजदूर चुपके से बगीचे में गया और सोने का टुकड़ा चुरा लिया । जब कंजूस ने पाया कि उसका सोना गायब है, तो उसने अपने बाल नोचे और निराशा में जोर से रोया । एक पड़ोसी यह देखने के लिए दौड़ा हुआ आया कि मामला क्या है फिर पड़ोसियों ने कहा, "प्रार्थना करो कि तुम्हारा रोना बंद हो । जाओ और एक पत्थर ढूँढ़ो । पत्थर को गड्ढे में रखो और कल्पना करो कि यह तुम्हारा सोने का टुकड़ा है । पत्थर तुम्हारे काम आएगा, क्योंकि तुमने तो सोने का इस्तेमाल करने का कभी इरादा ही नहीं किया था ।" "एक कंजूस के लिए, उसके पास जो है, वह उससे ज़्यादा उपयोगी नहीं है जो उसके पास नहीं है।"

(i) कंजूस को सोने का टुकड़ा कैसे मिला ?

(क) अपना सब कुछ बेचकर (ख) बगीचे की खुदाई करते समय (1)

(ग) अपने पूर्वजों से (घ) अपने पड़ोसी से

(ii) कंजूस ने बगीचे में इतना समय क्यों बिताया ?

(क) वह प्रकृति प्रेमी था । (1)

(ख) उसे बगीचे को देखना अच्छा लगता था

(ग) छिपाए हुए खजाने पर नज़र रखने के लिए ।

(घ) अपने सोने के टुकड़े का स्थान बदलना।

(iii) पड़ोसी ने कंजूस को गड्ढे में पत्थर डालने की सलाह दी क्योंकि -

(क) सोना केवल पत्थर जैसा है।

(ख) कंजूस व्यक्ति सोने और पत्थर दोनों का उपयोग नहीं करेगा | (1)

(ग) पत्थर सोना बन जाएगा।

(घ) बुद्धिमान व्यक्ति के लिए सोने का कोई मूल्य नहीं है |

(iv) कंजूस व्यक्ति के लिए सोना और पत्थर एक समान क्यों था ? अपने शब्दों में लिखिए | (2)

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

जीवन की मुस्कान किताबें
बहुत बड़ा वरदान किताबें।
गूंगे का मुँह बनकर बोलें
बहरे के हैं कान किताबें।
अन्धे की आँखें बन जाएँ
ऐसी हैं दिनमान किताबें।
हीरे मोती से भी बढ़कर
बेशकीमती खान किताबें।
जिन के आने से मन हरषे
ऐसी हैं मेहमान किताबें।
क्या बुरा यहाँ क्या है अच्छा
कराती हैं पहचान किताबें।
धार प्रेम की बहती इनमें
फैलाती हैं ज्ञान किताबें।
राहों की हर मुश्किल को
कर देती आसान किताबें।
कभी नहीं ये बूढ़ी होती
रहती सदा जवान किताबें।

(i) किताबें हमारे लिए हैं - (1)
(क) सस्ती (ख) हानिकारक (ग) व्यर्थ (घ) बेशकीमती

(ii) किताबें पहचान कराती हैं - (1)
(क) सब की (ख) चोर की (ग) अच्छे और बुरे की (घ) केवल शत्रुओं की

(iii) राहों की हर मुश्किल को किताबें कैसे आसान कर देती हैं ? (1)
(क) मुश्किलों को दूर करने का व्यावहारिक उपाय बताकर
(ख) खुद काम करके
(ग) खुद साथ चलकर
(घ) उपदेश देकर

(iv) 'किताबें सदा जवान रहती हैं' इस कथन का भाव अपने शब्दों में लिखिए | (2)

## खंड- 'ख'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (12x1=12)

(i) मोहन उदार व्यक्ति है | ( विशेषण छाँटकर लिखिए )
(ii) निजवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण दीजिए |
(iii) अध्यापक तुम जा सकते हो ( उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाएँ )
(iv) उसने बड़ी मेहनत से काम किया ; उसका परिणाम अच्छा था | (विराम चिह्न का भेद लिखिए )
(v) मेरे पास चार बोतलें हैं | ( विशेषण के भेद बताइए )
(vi) अभिवादन ( उपसर्ग तथा मूलशब्द अलग कीजिए )
(vii) मूल्यवान ( प्रत्यय छाँटकर लिखिए )
(viii) 'एक ही थैली के चट्टे - बट्टे होना ( मुहावरे का अर्थ बताइए )
(ix) आभूषण ( दो पर्यायवाची शब्द लिखिए )
(x) जो इस लोक का न हो ( वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए )
(xi) 'पंचरत्न' ( समास विग्रह तथा समास का भेद लिखिए )
(xii) 'अन्न और जल' ( समस्त पद बनाइए )

## खंड- 'ग'

4. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x1 =4)

रहिमन बिपदाहू भली, जो थोरे दिन होय ।
हित अनहित या जगत में, जानि परत सब कोय ।।

रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल ।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ।।

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत ।
बिपति कसौटी जे कसे, ते ही साँचे मीत ।।

(i) मुसीबत के समय काम आने वाला व्यक्ति सच्चा ___ कहलाता है ?
(क) दुश्मन (ख) अजनबी (ग) मित्र (घ) रिश्तेदार

(ii) 'अनहित' शब्द का अर्थ है-
(क) अमंगल (ख) मंगल (ग) क और ख दोनों (घ) मित्रता

(iii) कवि ने किसे बावरी कहा है ?
(क) कपाल (ख) मुख (ग) जीभ (घ) जूती

(iv) 'भीतर' शब्द का विलोम है -
(क) अंदर (ख) बाहर (ग) आगे (घ) नीचे

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5x1=5)

मैं पट्टी बाँधकर फिर मैदान में आ पहुँचा। आते ही मैंने उस खिलाड़ी की पीठ पर हाथ रखकर कहा, "तुम चिंता मत करो, इसका बदला मैं जरूर लूँगा।" मेरे इतना कहते ही वह खिलाड़ी घबरा गया। अब हर समय मुझे ही देखता रहता कि मैं कब उसके सिर पर हॉकी स्टिक मारने वाला हूँ । मैंने एक के बाद एक झटपट छह गोल कर दिए। खेल खत्म होने के बाद मैंने फिर उस खिलाड़ी की पीठ थपथपाई और कहा, "दोस्त, खेल में इतना गुस्सा अच्छा नहीं। मैंने तो अपना बदला ले ही लिया है। अगर तुम मुझे हॉकी नहीं मारते तो शायद मैं तुम्हें दो ही गोल से हराता । " वह खिलाड़ी सचमुच बड़ा शर्मिंदा हुआ। तो देखा आपने मेरा बदला लेने का ढंग ? सच मानो, बुरा काम करने वाला आदमी हर समय इस बात से डरता रहता है कि उसके साथ भी बुराई की जाएगी।

(i) दूसरी टीम का खिलाड़ी घबरा क्यों गया था ?
(क) ध्यानचंद ने उसे कहा था कि वे बदला लेंगे ।
(ख) वह खेल में हारने वाला था ।
(ग) उसे टीम से निकाला जा रहा था ।
(घ) उसकी शिकायत खेलं विभाग में कर दी थी ।

(ii) ध्यानचंद पट्टी बाँधकर क्यों आए ?
(क) उनके सिर में दर्द था।
(ख) उन्हें दूसरी टीम के खिलाड़ी ने स्टिक मारी थी ।
(ग) वे गिर गए थे।
(घ) यह उनका शौक था ।

(iii) ध्यानचंद ने झटपट कितने गोल किए ?
(क) दो (ख) चार
(ग) छह (घ) नौ

(iv) खिलाड़ी शर्मिंदा क्यों हुआ ?

(क) ध्यानचंद ने उसे माफ़ कर दिया।

(ख) ध्यानचंद ने उसकी पीठ थपथपाई।

(ग) ध्यानचंद ने उसे हराकर अपना बदला लिया था ।

(घ) उसकी सराहना की थी ।

(v) बुरा करने वाले के मन में सदा क्या विचार आता है ?

(क) उसके साथ भी बुरा होगा। (ख) क्षमा माँग लेनी चाहिए।

(ग) उसे पछतावा होता है। (घ) वह सबसे छिपकर रहना चाहता है।

6. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) ध्यानचंद में अच्छे खिलाड़ी होने के कौन-से विशेष गुण थे ?

(ii) धरती सरदी, गरमी एवं बरसात सभी ऋतुएँ प्रसन्नता से सहती है- इससे हमें क्या सीख मिलती है ?

(iii) सत्रिया नृत्य में किस घटना को दर्शाया जाता है ? अपने शब्दों में लिखिए |

(iv) बाबा भारती एक दयालु और उदार व्यक्ति थे, कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**खंड- 'घ'**

7. (क) दो मित्रों के बीच 'स्कूल का पहला दिन' विषय पर हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए । (5)

**अथवा**

(ख) पर्यावरण संरक्षण के विषय में दो मित्रों (सुमन और सीता) की बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए ।

8. (क) 'रक्षक हेलमेट' बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु लगभग 50-60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । (5)

**अथवा**

(ख) 'ऐन्जल' घड़ी बनाने वाली कंपनी के लिए लगभग 50-60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।